जयपुर में आयोजित होगा दो-दिवसीय विश्व सूफी संगीत समारोह 'जहाँ-ए-खुसरो'

चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2022 को राजस्थान पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश की संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिये दोदिवसीय वार्षिक विश्व सूफी संगीत समारोह 'जहाँ-ए-खुसरो' का आयोजन जयपुर के अल्बर्ट हॉल में 19 और 20 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- सचिव गायत्री राठौड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस समारोह में सूफी संगीत की मधुर ध्वनियाँ गूंजेंगी। साथ ही राजस्थान की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। 'जहाँ-ए-खुसरो' एकता के रंग का प्रतीक है।
- उन्होंने बताया कि जयपुर को एक कल्चरल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस तरह के आयोजनों और प्रस्तुतियों से राजस्थान की कला और कलाकारों को बढ़ावा मिलता है। इस समारोह में राजस्थान की दंतकथा 'मूमल' को एक स्टेज शो के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और चित्रकार मुजफ्फर अली और डिजाइनर मीरा अली द्वारा डिजाइन किये गए 'जहाँ-ए-खुसरो' समारोह में जावेद अली, नूरां सिस्टर्स, जसलीन कौर, नियाजी जैसे प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-day-world-sufi-music-festival-jahan-e-khusro